# झोंकेदार हवाओं और गरज-चमक के साथ हुई बारिश

## 41 किमी. प्रति घंटे की रफ्तार से चली हवाएं, 9 .4 डिग्री नीचे गिरा दिन का पारा

**नवभारत न्यूज**
**सतना, 30 अप्रैल. पिछले सप्ताह भर से जारी भीषण गर्मी के दौर से गुरुवार की सुबह उस वक्त फौरी राहत मिलती नजर आई जब घने बादलों के जमघट के साथ हल्की बारिश होने लगी. हलांकि दिन भर धूप-छांव का दौर चलता रहा, लेकिन शाम ढलते ही झोंकेदार हवाओं और गरज-चमक के साथ बारिश का दौर शुरु हो गया. जिसके चलते अधिकत और न्यनतम तापमान दोनों में खासी गिरावट देखने को मिली.**

### पेड़ गिरे, कोई हताहत नहीं



गुरुवार की शाम झोंकेदार हवाओं के चलते शहर सहित जिले भर में कई स्थानों पर पेड़ गिरने की घटनाएं सामने आईं. जिसके चलते कुछ स्थानों पर कुछ समय के लिए मार्ग भी बाधित हुआ. लेकिन गनीमत यह रही कि इन घटनाओं के चलते किसी के हताहत होने की जानकारी सामने नहीं आई. वहीं मौसम के तेवर के सबसे पहले साइड इफेक्ट के चलते शहर सहित जिले भर में अलग अलग स्थानों में बिजली गुल हो गई. शहर में लगभग पौन घंटे तक ब्लैक आऊॅट बना रहा. वहीं मौसम के सुधरते ही बिजली सप्लाई को बहाल करने की कवायद तेज कर दी गई. हलांकि बदले मौसम की वजह से लोड में काफी कमी हो गई. जिसके चलते फाल्ट भी कम ही सामने आए.



मौसम कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार गुरुवार को शहर में दिन का अधिकतम तापमान 33.5 ड्डि सेल्सियस दर्ज किया गया. इस लिहाज से दिन के पारे में न सिर्फ पिछले 24 घंटे में 9.4 डिग्री की कमी दर्ज की गई. बल्कि सामान्य की तुलना में भी यह 7.6 डिग्री कम आंका गया. इसी कड़ी में बुधवार की रात से चलने वाले ठण्डी हवाओं के असर के चलते न्यूनतम तापमान में कमी देखने को मिली. 23.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुए न्यूनतम तापमान में पिछले 24 घंटे में न सिर्फ 5.1 डिग्री की गिरावट देखने को मिली. बल्कि यह सामान्य की तुलना में 2.2 डिग्री कम आंका गया.

वहीं सुबह हुई बारिश की वजह से हवा में नमी की मात्रा में भी खासा इजाफा हुआ और यह 78 से लेकर 39 फीसदी के बीच बनी रही. गुरुवार की सुबह लगभग 3 मिमी बारिश दर्ज हुई. जिसके चलते दोपहर होने तक मौसम सुहाना बना रहा. हलांकि उसके बाद धूप निकलने और बादलों की आवाजाही का क्रम बना रहा. लेकिन पिछले सप्ताह भर से जबरदस्त गर्मी झेलते आ रहे लोगों को काफी राहत मिली.

### शाम ढलते ही बदला मौसम



गुरुवार की सुबह हल्की बारिश के चलते हलांकि लोगों द्वारा राहत की सांस ली जा रही थी. लेकिन शाम ढलते ही मौसम ने एक बार फिर से पलटी मार दी. पहले को 41 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से झोंकेदार हवाओं ने लोगों को ठौर खोजने पर मजबूर कर दिया. वहीं कुछ देर बाद हवा की गति धीमी पड़ते ही बारिश शुरु हो गई. बारिश का यह दौर रुक रुक कर घंटे भर से अधिक समय तक जारी रहा. वहीं मौसम के बदले मिजाज के बीच ठंडक घुलने से लोगों ने राहत की सांस ली. मौसम विभाग के अनुसार अगले 5 दिनों में मौसम में यह फेरबदल जारी रहने की संभावना है. वहीं शुक्रवार से सक्रिय हो रहे पश्चिमी विक्षोभ के चलते तेज हवाओं और गरज चमक के साथ कहीं कहीं बारिश हो सकती है.



# राज्य वित्त विभाग की 3 सदस्यीय टीम ने शुरू की जांच

## एनएचएम के अंतर्गत जिले में हुए ईपीएफ घोटाले का मामला

**नवभारत न्यूज**
**सतना, 30 अप्रैल. राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के अंतर्गत सतना जिले में ईपीएफ को लेकर छह करोड़ रुपये का बड़ा वित्तीय घोटाला सामने आया है।**

कर्मचारियों के वेतन से हर माह ईपीएफ की कटौती तो की जा रही थी, लेकिन यह राशि कर्मचारियों के खातों में जमा नहीं की गई। इस गंभीर मामले की जांच के लिए राज्य वित्त विभाग की तीन सदस्यीय टीम गुरुवार को सतना पहुंची और पूरे दिन जांच में जुटे रही। वित्त विभाग की डिप्टी डायरेक्टर मुमुल बहोत, स्टेट फाइनेंस मैनेजर मनोज राजपूत और एचएमआईएस कंसल्टेंट नीरज श्रीवास्तव की टीम सुबह 11=30 बजे से शाम 6 बजे तक जिला मुख्यालय पर सक्रिय रही। टीम ने जिला डिस्ट्रिक्ट एकाउंट मैनेजर सुभाष चंदेल से वर्ष 2021 से 2025 तक के पूरे ईपीएफ और ईएसआई चालानों सहित संबंधित दस्तावेज मांगे हैं। टीम ने बजट पेंडेंसी और रिकॉर्ड रखरखाव में आई गड़बडि?ों पर नाराजगी व्यक्त की तथा डैम के बयान भी दर्ज किए। सूत्रों के अनुसार टीम ने सभी ब्लॉक एकाउंट मैनेजरों को भी तलब किया था। अब टीम इन दस्तावेजों का सॉफ्टवेयर से मिलान कर रिपोर्ट तैयार करेगी ।जानकारी के अनुसार एनएचएम के संविदा कर्मचारियों के वेतन से प्रतिमाह औसतन 1,800 रुपये ईपीएफ के रूप में काटे जा रहे थे।

विभाग को समान राशि अपना अंशदान के रूप में जमा करनी थी, लेकिन पिछले चार वर्षों से यह राशि कर्मचारियों के ईपीएफ खातों में जमा नहीं की गई। इस गड़बड़ी की कुल राशि अब बढ?र लगभग 6 करोड़ रुपये पहुंच गई है। कई कर्मचारी लंबे समय से इस समस्या से परेशान थे। अक्टूबर माह में कर्मचारियों ने सीएमएचओ को शिकायत दी, लेकिन सुनवाई न होने पर मामला ईपीएफ आयुक्त कार्यालय तक पहुंच गया।

### लग चुकी है पेनल्टी

सूत्रों की माने तो पूर्व में भी इसी प्रकार की गड़बड़ी सामने आने पर स्वास्थ्य विभाग पर 55 लाख रुपये की पेनाल्टी लगाई जा चुकी है ।कई एएनएम अब नियमित हो चुकी हैं, लेकिन उनके संविदाकाल का ईपीएफ अंशदान अभी तक जमा नहीं किया गया है। कर्मचारी जल्द से जल्द बकाया राशि जमा कराने और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। वित्त विभाग की टीम की जांच रिपोर्ट आने के बाद मामले में आगे की कार्रवाई तय होगी।

# ट्रैक्टर से भिड़ने के बाद नहर की रेलिंग में फंसी बस



▸ दर्जन भर यात्री घायल; सतना-सेमरिया मार्ग पर कोटर क्षेत्र की घटना

**नवभारत न्यूज**
**सतना, 30 अप्रैल. जिले के कोटर थाना क्षेत्र में गुरुवार को एक सड़क हादसा हुआ। बाणसागर नहर के पास एक यात्री बस ने ट्रैक्टर-ट्रॉली को टक्कर मार दी, जिससे बस अनियंत्रित होकर नहर की रेलिंग में जा फंसी। इस दुर्घटना में लगभग एक दर्जन यात्री घायल हो गए।**

प्राप्त जानकारी के अनुसार, हादसा उस समय हुआ जब दोपहर लगभग 1.15 बजे बस तेज रफ्तार में थी और ओवरटेक करने का प्रयास कर रही थी। इसी दौरान ड्राइवर ने संतुलन खो दिया और बस सामने चल रही ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि बस का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। दुर्घटना के बाद बस में सवार दो यात्री सीटों में बुरी तरह फंस गए थे। सूचना मिलते ही कोटर थाना पुलिस टीम मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। ग्राइंडर मशीन का उपयोग कर बस के हिस्से को काटकर फंसे हुए यात्रियों को बाहर निकाला गया।

### दर्जन भर यात्री चोटिल

हादसे में कुल मिलाकर लगभग एक दर्जन यात्रियों को चोटें आई हैं। सभी घायलों को कोटर अस्पताल ले जाया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। कुछ घायलों की हालत गंभीर बताई जा रही है। दुर्घटनाग्रस्त बस (क्रमांक स्क्र19 क्र0614) सतना से सेमरिया की ओर जा रही थी। इस दुर्घटना के कारण सतना-सेमरिया मार्ग पर यातायात बाधित हो गया और लंबा जाम लग गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर यातायात बहाल करने का प्रयास शुरू कर दिया है और दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है।

# अमदरा थाने मे पदस्थ एसएआई का निधन

## बीमारी का नागपुर में चल रहा था उपचार

**नवभारत न्यूज**
**सतना, 30 अप्रैल. मैहर जिले के अमदरा थाना के एएसआई शिवनंदन साकेत का गुरुवार सुबह इलाज के दौरान निधन हो गया।**



वे पिछले लंबे समय से लीवर की गंभीर बीमारी से जूझ रहे थे। उनका उपचार महाराष्ट्र के नागपुर में चल रहा था, लेकिन तबीयत अधिक बिगड़ने पर उन्हें स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र लाया गया था, जहां उन्होंने अंतिम सांस ली। प्राप्त जानकारी के अनुसार तबीयत में सुधार न होने के कारण शिवनंदन साकेत को हाल ही में अमदरा अस्पताल में भर्ती कराया गया था। डॉक्टरों की टीम लगातार उनके स्वास्थ्य की निगरानी कर रही थी, लेकिन संक्रमण और लीवर डिसऑर्डर के कारण उनके स्वास्थ्य में सुधार नहीं हुआ। डॉक्टरों ने सुबह उनकी मृत्यु की पुष्टि की। निधन की सूचना मिलते ही पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे। आवश्यक कानूनी औपचारिकताओं के पूरा होने के बाद शव का पोस्टमार्टम कराया गया और पार्थिव देह परिजनों को सौंप दी गई।

# चित्रकूट में स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास विभाग की संयुक्त समीक्षा बैठक आयोजित

**नवभारत न्यूज**
**सतना, 30 अप्रैल. कलेक्टर के आदेशानुसार एवं एसडीएम मझगवां की अध्यक्षता में गुरुवार को जानकी कुंड चित्रकूट सभागार में स्वास्थ्य विभाग और महिला एवं बाल विकास विभाग के संभाग, जिला एवं खंड स्तरीय अधिकारियों द्वारा समस्त मैदानी कर्मचारियों एमपीएस सीएचओ, एनएम एमपीडब्ल्यू, ए डब्लू डब्लू की एक महत्वपूर्ण संयुक्त समीक्षा बैठक आयोजित की गई,**



बैठक के दौरान समस्त विभागीय कार्यक्रमों की विस्तारपूर्वक समीक्षा की गई एवं उपस्थित अधिकारियों द्वारा सभी कर्मचारियों को अपने कार्य दायित्वों का निर्वहन पूरी तन्मयता के साथ शत-प्रतिशत पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया, ताकि विकासखंड में मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में प्रभावी कमी लाई जा सके। इस संयुक्त बैठक में जेडी कार्यालय रीवा से जेडी मैडम (महिला बाल विकास) एवं जेडी मैडम (स्वास्थ्य) के प्रतिनिधि सहित जिले से सीएमएचओ, डीपीओ (ड्ढ्ढष्ठ) तथा खंड स्तर से बीएमओ डॉ. रूपेश सोनी, बीपीएम एस.एन. बागरी, बीसीएम देवमुनि पटेल एवं बीईई आभा सिंह ने सक्रिय रूप से अपनी सहभागिता दर्ज कराई।

# अंबेडकर प्रतिमा खंडित होने पर चक्काजाम का प्रयास

▸ विवादित जमीन पर बढ़ा तनाव, प्रकरण दर्ज

**नवभारत न्यूज**
**सतना, 30 अप्रैल. जिले के बाबूपुर में डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा खंडित कर दी गई। यह प्रतिमा स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) की बहुमूल्य जमीन पर अवैध रूप से स्थापित की गई थी।**



बुधवार रात अज्ञात असामाजिक तत्वों ने इसे खंडित किया, जिसकी जानकारी गुरुवार दोपहर होने पर सैकड़ों अंबेडकर अनुयायी मौके पर जमा हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार अनुयायियों ने प्रदर्शन करते हुए सतना-सेमरिया मार्ग पर चक्काजाम करने का प्रयास किया। सूचना मिलते ही डीएसपी, एसडीएम, कोलगवां टीआई, तहसीलदार और बाबूपुर चौकी प्रभारी सहित भारी पुलिस बल मौके पर पहुंचा। इस दौरान आदतन अपराधी बालगोविंद चौधरी और उनके बेटे महिलाओं को आगे कर चक्काजाम कराने की कोशिश करते रहे। उनकी मुख्य मांग थी कि मूर्ति खंडित करने वाले तीन नामजद लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की जाए। वर्षों पुराना जमीनी विवाद चल रहा दरअसल, सेल की इस जमीन से लगी शिवाजी, धनंजय और एक अन्य व्यक्ति की निजी आराजी है। ये लोग सेल की जमीन पर अवैध कब्जे का लगातार विरोध करते रहे हैं।



# आगजनी से तबाह हुए किसानों -आमजनों के बीच पहुंचे सांसद ने देखी त्रासदी

**नवभारत न्यूज**
**सतना, 30 अप्रैल. सतना लोकसभा क्षेत्र में बीते दिनों हुई आगजनी की घटनाओं ने किसानों और ग्रामीणों की जिंदगी को झकझोर कर रख दिया है।**

कई गांवों में खड़ी फसल से लेकर घर-गृहस्थी तक जलकर राख हो गई। इन घटनाओं के बाद गुरुवार को सांसद गणेश सिंह प्रभावित गांवों में पहुंचे और पीड़ित परिवारों से मुलाकात कर नुकसान का जायजा लिया। रामपुर बाघेलान विधानसभा क्षेत्र के ऐरा गांव में 22 अप्रैल को लगी भीषण आग ने 6 परिवारों को बुरी तरह प्रभावित किया। आग की चपेट में आने से जगदीश सिंह, पुरुषोत्तम सिंह, सुदामा सिंह, रामपाल सिंह, राजेंद्र सिंह और तेजभान सिंह के खेतों में खड़ी फसल पूरी तरह नष्ट हो गई। किसानों की सालभर की मेहनत कुछ ही पलों में राख में बदल गई। इसी दिन तपा गांव में भी एक दर्दनाक घटना सामने आई, जहां शाम करीब 4 बजे राजेश सेन के घर में आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि उनकी पूरी गृहस्थी जलकर खाक हो गई। परिवार के सामने अचानक आई इस आपदा ने उन्हें गहरे संकट में डाल दिया है। वहीं, लामी करही के बरदहा गांव में भी दर्जनभर किसानों के यहां आगजनी की घटनाएं हुईं, जिससे बड़े स्तर पर फसल और संपत्ति का नुकसान हुआ। लगातार हो रही इन घटनाओं से क्षेत्र के किसानों का भारी नुकसान हुआ है,कई परिवार तो ऐसे हैं जिनके पास अब इस भीषण गर्मी में सिर छिपाने की जगह नहीं है।

# राष्ट्रीय राजमार्ग-30 पर पिकअप-ट्रैक्टर भिड़ंत

▸ मामा-भांजे सहित तीन घायल

**नवभारत न्यूज**
**सतना, 30 अप्रैल. मैहर जिले के अमरपाटन थाना क्षेत्र में गुरुवार शाम ह॥-30 पर नादन टोला के पास एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार पिकअप वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े ट्रैक्टर से टकरा गया, जिसमें तीन लोग घायल हो गए।**



प्राप्त जानकारी के अनुसार, पिकअप वाहन रीवा से जबलपुर की ओर जा रहा था। शाम करीब 6=30 बजे चालक ने वाहन से नियंत्रण खो दिया, जिसके बाद पिकअप सीधे सड़क किनारे खड़े ट्रैक्टर से जा टकराई। टक्कर इतनी तेज थी कि पिकअप में सवार दो युवक केबिन में फंस गए। मौके पर मौजूद लोगों ने कड़ी मशक्कत के बाद उन्हें बाहर निकाला। हादसे में पिकअप सवार जतिन राजपूत (17 वर्ष) और नितिन राजपूत (33 वर्ष), निवासी जबलपुर, जो रिश्ते में मामा-भांजे हैं, घायल हो गए। वहीं ट्रैक्टर के पास मौजूद मुरैना निवासी दिनेश बघेल (35 वर्ष) भी चपेट में आकर घायल हो गए।

### अस्पताल में इलाज जारी

सूचना मिलते ही एनएचएआई की एम्बुलेंस 1033 और पेट्रोलिंग टीम मौके पर पहुंची। सभी घायलों को सिविल अस्पताल अमरपाटन में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शुरुआती जांच में तेज रफ्तार और लापरवाही को हादसे की वजह माना जा रहा है।

### आंधी-तूफान के बावजूद तय तिथि पर होगा सामूहिक विवाह कार्यक्रम

**सतना, 30 अप्रैल.** तेज आंधी-तूफान और बारिश के कारण दिनांक 1 मई को आयोजित होने वाले मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह अंतर्गत सामूहिक विवाह कार्यक्रम की तैयारियों को आंशिक रूप से नुकसान पहुंचा है। तेज हवाओं और वर्षा के चलते कार्यक्रम स्थल पर लगाए गए टेंट, सजावट एवं अन्य व्यवस्थाएं प्रभावित हुई हैं। इसके बावजूद निगम प्रशासन द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए व्यवस्थाओं को पुन: दुरुस्त किया जा रहा है।

# कांग्रेस समन्वय समिति की हुई बैठक

**नवभारत न्यूज**
**सतना, 30 अप्रैल. कांग्रेस कार्यालय में जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के अध्यक्ष एवं विधायक सिद्धार्थ कुशवाहा एवं जिला कांग्रेस कमेटी सतना शहर अध्यक्ष आरिफ इकबाल सिद्दिकी के नेतृत्व में जिला समन्वय समिति की एक आवश्यक बैठक आयोजित किया गया।**




इस बैठक में संगठनात्मक मुद्दे पर विचार विमर्श किया गया ।जिसमें ब्लॉक कमेटी एवं मंडलम कमेटी को सक्रिय कर वार्ड कमेटी ,पंचायत कमेटी को मंडलम कमेटी के साथ सामंजस्य बना कर प्रत्येक बूथ पर 50 सक्रिय कार्यकर्ता बनाने का लक्ष्य रखा गया एवं ब्लॉक अध्यक्षों को निगरानी करने का निर्देश दिया गया। बैठक में मुख्य रूप से जिला प्रभारी पूर्व विधायक निथीश पटेल एवं वीरेंद्र द्विवेदी एवं समन्वय समिति के सदस्य आनंद शुक्ला ,रामलखन सिंह पटेल ,राम शंकर पयासी, रश्मि सिंह ,गीता सिंह ,डॉली चौरसिया, आरती सिंह ,विमला कोल ,ऊर्मिला त्रिपाठी ,राजभान सिंह ,अजीत सिंह ,रमेश द्विवेदी ,निलेश मिश्रा, संजीव अग्रवाल एवं विधानसभा के प्रभारी उपस्थित थे।

## एक नजर में




### इनर व्हील क्लब ने चंद्राश्रय वृद्धाश्रम में किया सेवा और सहयोग

**सतना।** इनर व्हील क्लब ऑफ सतना उद्गम द्वारा दिनांक 30 अप्रैल 2026 को नीमी स्थित चंद्राशय वृद्धाश्रम में सेवा एवं सहयोग के विभिन्न कार्य किए गए। कार्यक्रम का उद्देश्य वृद्धजनों के साथ समय बिताकर उन्हें अपनापन, सम्मान एवं सहयोग प्रदान करना रहा। इस अवसर पर क्लब की सदस्यों द्वारा वृद्धाश्रम में चादरों का वितरण किया गया तथा छोटे तौलियों का भी वितरण किया गया। साथ ही वृद्धजनों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए दो स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए गए, जिसमें स्वास्थ्य परीक्षण एवं आवश्यक परामर्श प्रदान किया गया।

### एकेएस के छात्रों को सॉफ्टवेयर डेवलपर बनने का अवसर

**सतना।** ए.के.एस. विश्वविद्यालय में आयोजित कैंपस ड्राइव के तहत चेटू





कॉरपोरेशन लिमिटेड ने सॉफ्टवेयर डेवलपर पद हेतु भर्ती प्रक्रिया संचालित की। चयनित अभ्यर्थियों का कार्यस्थल नोएडा निर्धारित किया गया है। कैंपस ड्राइव में एआई एवं डेटा साइंस तथा सीएसई के विद्यार्थियों—प्रशांत तिवारी, अमन जायसवाल, उत्कर्ष द्विवेदी, कृष्णकांत तिवारी, साहिल विश्वकर्मा, मवीश अहमद एवं नितेश सिंह सहित अन्य छात्रों ने सहभागिता करते हुए अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

### विनोद गेलानी के तीसरी बार अध्यक्ष बनने पर हर्ष व्यक्त



**सतना।** विंध्य क्षेत्र की अग्रणी समाज सेवी संस्था सिन्धु विकास समिति की गठित कार्यकारिणी में युवा समाजसेवी विनोद गेलानी को तीसरी बार निर्विरोध अध्यक्ष मनोनीत होने पर अनेक समाजसेवियों एवं सामाजिक संगठनों ने हर्ष व्यक्त करते हुए शुभकामनाएं प्रेषित की।

### क्षेत्रीय समूहों को राशन वितरण का उत्तरदायित्व सौंपा जाए

**सतना.** सभापति ज्ञानेंद्र सिंह ज्ञानू द्वारा बैठक में प्रस्ताव लाया गया कि जनपद पंचायत उचेहरा में खाद्यान्न वितरण की अनियमितता के चलते निलंबित 12 दुकानों के संचालन का जिम्मा क्षेत्रीय महिला स्व सहायता समूह को दिया जाए। ऐसा करने से उचित मूल्य राशन वितरण दुकान के संचालक के ऊपर क्षेत्रीयता के नाते हितग्राहियों का दबाव रहेगा .

# जिला खनिज प्रतिष्ठान की बैठक में वर्ष 2025-26 के प्रस्तावित कार्यों पर चर्चा

**नवभारत न्यूज**
**सतना 30 अप्रैल. सतना जिला खनिज प्रतिष्ठान (डीएमएफ) की गुरूवार को कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस की अध्यक्षता में सम्पन्न बैठक में वित्तीय वर्ष 2025-26 में प्राप्त राशि के आधार पर जनप्रतिनिधियों से प्राप्त प्रस्तावों और कार्ययोजना के प्रस्तावित कार्यों पर चर्चा की गई।**

इस अवसर पर नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी, सांसद श्री गणेश सिंह, विधायक सुरेन्द्र सिंह गहरवार, विक्रम सिंह, सिद्धार्थ कुशवाहा, जिला पंचायत अध्यक्ष रामखेलावन कोल, आयुक्त नगर निगम शेर सिंह मीना, सी.ई.ओ. जिला पंचायत एवं सचिव शैलेन्द्र सिंह, अपर कलेक्टर विकास सिंह, माइनिंग अधिकारी हरेन्द्र पाल सिंह, जिला शिक्षा अधिकारी गिरीश अग्निहोत्री सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।



जिला खनिज प्रतिष्ठान की बैठक में सी.ई.ओ. जिला पंचायत ने वर्ष 2025-26 की कार्ययोजना की चर्चा के दौरान बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में सतना जिले को कुल 33.15 करोड़ रूपये की राशि मिली है। जिसमें भाग-क की राशि 19.07 करोड़ रूपये और राज्य स्तर के लिए भाग-ख की राशि 14.07 करोड़ है। जिला स्तर पर खनिज प्रतिष्ठान मद से उपलब्ध राशि 33.15 करोड़ की डेढ़ गुना राशि 28.60 करोड़ रूपये के कार्य लिए जा सकते हैं। इनमें उच्च प्राथमिकता कार्यों के लिए 60 प्रतिशत अर्थात् 17.16 करोड़ और अन्य प्राथमिकता के कार्यों के लिए 40 प्रतिशत अर्थात् 11.44 करोड़ की राशि प्रावधानित है। सतना जिले के जनप्रतिनिधियों से प्राप्त प्रस्तावों के आधार पर वित्तीय वर्ष 2025-26 एवं 2026-27 की कार्ययोजना में 33 करोड़ 15 लाख रूपये लागत के प्रति वर्ष के कार्य शामिल किये गये हैं। इनमें उच्च प्राथमिकता के 19 करोड़ 41 लाख लागत के 152 कार्य और अन्य प्राथमिकता के 12 करोड़ 42 लाख 57 हजार रूपये के कार्य शामिल किये जावेंगे ।बैठक में पूर्व से स्वीकृत कार्यों के स्थल और कार्य परिवर्तन को भी स्वीकृति दी गई। जिला खनिज प्रतिष्ठान की सचिव एवं सी.ई.ओ. जिला पंचायत ने बताया कि प्रतिष्ठान की अगली बैठक में वर्ष 2026-27 की कार्य योजना प्रस्तुत कि गई।